3 अप्रैल तक करें आवेदन, 7 अप्रैल को होगी प्रवेश परीक्षा

आदर्श विद्यालय में सीमित सीटों पर प्रवेश का मौका

जशपुरनगर। जिला मुख्यालय स्थित शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया की समय-सारिणी जारी कर दी गई है। विद्यालय के प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध इस विद्यालय में कक्षा 6वीं, 7वीं और 11वीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक छात्र या उनके अभिभावक 3 अप्रैल तक आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं, जबकि प्रवेश परीक्षा 7 अप्रैल को आयोजित की जाएगी।

प्राचार्य के अनुसार कक्षा 6वीं में कुल 35 सीटें उपलब्ध हैं, जिनमें 28 सीटें अनुसूचित जनजाति, 5 सीटें अनुसूचित जाति तथा 2 सीटें अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए निर्धारित हैं। इसी प्रकार कक्षा 7वीं में अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 1 सीट रिक्त है, जबकि कक्षा 11वीं में 8 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा, जिनमें 7 सीटें अनुसूचित जनजाति और 1 सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए निर्धारित हैं। वतर्मान शैक्षणिक सत्र 2025-26 के समापन पर यदि कुछ छात्र स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टीसी) लेते हैं तो रिक्त सीटों की संख्या बढ़ भी सकती है।प्रवेश के इच्छुक छात्र या उनके अभिभावक 3 अप्रैल तक विद्यालय पहुंचकर आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। इसके अलावा आवेदन पत्र जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों के कार्यालयों में भी उपलब्ध हैं। अभिभावक चाहें तो अपने विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में भी निर्धारित तिथि तक आवेदन जमा कर सकते हैं।विद्यालय प्रशासन ने बताया कि सरगुजा, कोरिया, बलरामपुर, कोरबा, जांजगीर, बिलासपुर, मुंगेली और रायगढ़ जिले के छात्र भी आवेदन कर सकते हैं। ऐसे छात्र अपने संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं अथवा स्वयं विद्यालय में उपस्थित होकर या डाक के माध्यम से 3 अप्रैल तक आवेदन भेज सकते हैं।प्रवेश परीक्षा 7 अप्रैल को शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुरनगर में आयोजित होगी। परीक्षा का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित किया गया है।उल्लेखनीय है कि यह विद्यालय सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध है और यहां हिंदी माध्यम से पढ़ाई होती है। विद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्रों के लिए शासन द्वारा निःशुल्क छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही विद्यार्थियों को गणवेश के लिए शासन द्वारा प्रतिवर्ष निर्धारित राशि दी जाती है। बुक बैंक योजना के तहत पूरे शैक्षणिक सत्र के लिए पाठ्य-पुस्तकें भी उपलब्ध कराई जाती हैं।

आदर्श विद्यालय में प्रवेश शुरू, परीक्षा 7 को

भास्कर न्यूज़ | जशपुरनगर

जिला मुख्यालय जशपुरनगर स्थित शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया की समय-सारिणी जारी कर दी गई है। विद्यालय के प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध इस विद्यालय में कक्षा 6वीं, 7वीं और 11वीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 6वीं में कुल 35 सीटें रिक्त हैं, जिनमें 28 सीटें अनुसूचित जनजाति, 5 सीटें अनुसूचित जाति व 2 सीटें अन्य पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए निर्धारित हैं। कक्षा 7वीं में अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 1 सीट रिक्त है। वहीं कक्षा 11वीं में कुल 8 सीटें खाली हैं, जिनमें 7 सीटें अनुसूचित जनजाति और 1 सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित हैं। वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025-26 की समाप्ति पर कुछ छात्रों के स्थानांतरण प्रमाण पत्र लेने की स्थिति में रिक्त सीटों की संख्या बढ़ सकती है। प्रवेश के इच्छुक छात्र या उनके अभिभावक 3 अप्रैल तक विद्यालय में जाकर आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

आवेदन पत्र जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में भी उपलब्ध हैं, जहां से प्राप्त कर संबंधित कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं। सरगुजा, कोरिया, बलरामपुर, कोरबा, जांजगीर, बिलासपुर, मुंगेली और रायगढ़ जिले के छात्र भी अपने आवेदन संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय या सीधे विद्यालय में 3 अप्रैल तक जमा कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 7 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक विद्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी।

विद्यालय में हिंदी माध्यम से पढ़ाई होती है और सभी छात्रों के लिए निःशुल्क छात्रावास, गणवेश सहायता राशि तथा बुक-बैंक योजना के तहत पाठ्य-पुस्तकें उपलब्ध कराई जाती हैं। अधिक जानकारी के लिए अभिभावक 8319861312 और 9406444644 पर संपर्क कर सकते हैं।